nandgaon times JULAI-28-4.qxd 7/27/2025 10:49 PM Page 1

छुईखदान जनपद में भुगतान घोटाला: भ्रष्टाचार... पृष्ठ 2 | नंदी के कान में ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 28 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 277, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## बीजापुर में सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन

# 17 लाख के चार इनामी नक्सली ढेर दो महिला भी शामिल



**बीजापुर।** बीजापुर में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है. बासागुड़ा और गंगलूर थाना क्षेत्र के सरहदी जंगलों में शनिवार शाम से चल रही मुठभेड़ रविवार दोपहर तक चली, जिसमें 4 हार्डकोर नक्सली मारे गए. इन पर कुल मिलाकर 17 लाख रुपये इनाम थे. बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में बासागुड़ा और गंगलूर थाना के सरहदी जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया. मुठभेड़ में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के चार माओवादी मारे गए, जिनमें तीन एसीएम स्तर के और एक पार्टी सदस्य कमांडर शामिल है.

मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक इंसास, एक 303 रायफल, एक 12 बोर बंदूक, बीजीएल लांचर, सिंगल शॉट हथियार सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सल संबंधी अन्य सामान बरामद किए गए. बीजापुर के पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर की टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने बताया कि वर्ष 2024 में मिली निर्णायक बढ़त को आगे बढ़ाते हुए, साल 2025 में भी बस्तर संभाग में प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई (माओवादी) संगठन के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा सघन और निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं. इन अभियानों के अंतर्गत जनवरी 2024 से जुलाई 2025 तक 425 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं. यह सुरक्षा बलों की प्रभावी रणनीति, साहसिक कार्रवाई और जनसमर्थन का प्रमाण है.

# कुतुब मीनार से ऊँचा जैतखाम सतनामी समाज का गौरव है : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा समाज के विकास का मूलमंत्र है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हम सबको मिल-जुलकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में गिरौदपुरी धाम में कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम निर्मित किया गया, साथ ही अनेक विकास कार्य भी संपन्न हुए। इससे न केवल समाज का गौरव बढ़ा है, बल्कि सतनामी समाज को वैश्विक पहचान भी मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। इसी अनुरूप हमारी सरकार ने भी छत्तीसगढ़ को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि बाबा गुरु घासीदास जी के आशीर्वाद से यह संकल्प अवश्य पूर्ण होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर राजधानी रायपुर में सतनामी समाज के बहुद्देशीय भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, गिरौदपुरी स्थित मड़वा महल के शेष अधूरे कार्यों की पूर्णता हेतु 50 लाख



रुपये की मंजूरी भी प्रदान की गई। उन्होंने समारोह में सम्मानित हो रहे प्रतिभावान विद्यार्थियों को पाँच‌‌पाँच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सतनामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जब समाज के पदाधिकारी प्रतिबद्धता, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हैं, तो समाज की विश्वसनीयता बढ़ती है और समरसता के साथ समाज प्रगति की दिशा में अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करने पर रचनात्मक प्रयासों को बल मिलता है। उन्होंने गिरौदपुरी धाम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री एल.एल. कोसले के नेतृत्व में भव्य धर्मशाला निर्माण की पहल के लिए बधाई भी दी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के आशीर्वाद से उन्हें सार्वजनिक जीवन के इन 40 वर्षों में विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री और अब विधानसभा अध्यक्ष जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर मिला। बाबा जी का च्मनखे-मनखे एक बराबरज् का संदेश, श्वेत ध्वजा और श्वेत वस्त्र प्रदेश को शांति का प्रतीक बनाते हैं।

# महामाया बोल बम कांवर समिति के 210 सदस्य बाबा बैजनाथ की पूजा अर्चना करके पाटेश्वर धाम के लिए रवाना



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में बलोदा बाजार के महामाया बोल बम कांवर समिति के 210 सदस्य रात्रि विश्राम करके सुबह गणेश भगवान और बाबा बैजनाथ की पूजा अर्चना करके पाटेश्वर धाम के लिए रवाना हुए ज्ञात होगी श्री मिथिला धाम मोनी बाबा आश्रम में यात्रियों के निशुल्क ठहरनें और भोजन की व्यवस्था रहती है सभी यात्रीगण अपने हाथों से भोजन सामग्री बनाकर रात्रि के समय मंदिर के छत पर भोजन किया और आश्रम



के भवन में विश्राम करके सुबह-सुबह अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हुए मंदिर समिति के अशोक चौधरी पंडित आदित्य और महंत त्यागी बाबा ने सभी यात्रियों का स्वागत सत्कार किया।

## बिजलीघर में भीषण आग, 9 फायर टेंडरों ने पाया काबू

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बीती रात यूपी गेट के पास एक बिजली घर में देर रात करीब 11ञ्55 बजे भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद फायर विभाग को सूचना दी गई, लेकिन आग इतनी तेज थी कि अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत पड़ी। कड़ी मेहनत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। फायर विभाग के अनुसार, आग एक बड़े ट्रांसफॉर्मर में लगी थी, जिसकी क्षमता 160 एमवीए और 50,000 लीटर तेल थी।

# ढाबा से निकलेगी महाकाल की भव्य पालकी

### महाकाल सेवा की तैयारी श्रद्धालुओं में अपार उत्साह



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भगवान शिव को समर्पित सावन का तीसरा सोमवार 28 जुलाई को है और इस दिन शहर के ढाबा वार्ड से महाकाल की पालकी यात्रा निकलेगी जो आसपास के वार्डो से होते हुए गौरी नगर में विश्राम होगी। यात्रा को लेकर महाकाल सेना की तैयारी अंतिम चरण में है वही श्रद्धालुओं में इस यात्रा को लेकर भारी भक्त मय है। महाकाल भक्त नीलू शर्मा एवं पवन डागा ने बताया कि पालकी यात्रा की शुरुआत होगी पुराना ढाबा से जहाँ पहले ही फूलों की वर्षा और शंखनाद से माहौल पावन होगा। फिर बाबा बढ़ेंगे प्रजा का हल जानने शांति नगर की ओर जहाँ हर घर, हर आँगन शिवमय होगा। फिर शिव नगर जहाँ दीवारों पर नहीं, लोगों की आँखों में दिखेगा भोलेनाथ का प्यार। इसके बाद चिखली, स्टेशन पारा, दुर्गा मंदिर से होते हुए यात्रा पहुँचेगी गौरी नगर, जहाँ हर दिल से उठेगी एक ही पुकार भोलेनाथ हमारे द्वार! और अंत में आशीर्वाद की बरसात के साथ, पालकी पहुँचेगी शीतला मंदिर, जहाँ पूर्ण होगा ये अलौकिक संगम। उस दिन राजनांदगाँव की हर गली हर चौक हर मोड़ एक शिव दरबार बन जाएगा। चारों ओर बजेगा डमरू, गूंजेगी शंख की ध्वनि, होगी फूलों की बारिश और हर दिशा से उठेगी एक ही आवाज़ ओम नम: शिवाय।

## हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार को मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस और मेडिकल टीमें मौके पर राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख व्यक्त किया है।

# श्री शिवमहापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक महोत्सव का भव्य शुभारंभ



**साल्हेवारा (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम साल्हेवारा जिला ङ्क खैरगढ़ छुईखदान गंडई में दिनांक 26 जुलाई से प्रारंभ हुआ श्री शिवमहापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक महोत्सव आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ प्रारंभ हो चुका है। इस सात दिवसीय आयोजन में प्रात: 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग का वैदिक अभिषेक विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हो रहा है। शिव महापुराण कथा - पं. ध्रुव नारायण शुक्ला बेमेतरा , आध्यात्मिक प्रवचन - पं. मनहरण प्रसाद तिवारी जी, प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक। रामकथा वाचन प्रतिदिन शाम 4:00 से 6:00 बजे तक हो रहा है, जिसे श्रीराम कथावाचक पं. सूरज उपाध्याय जी सहसपुर । विश्राम दिवस पर सभी श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। आयोजन में वैदिक आचार्यगण ङ्क पं. रविन्द्र तिवारी च्खाराज्, पं. शंकर पांडे, पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी जी आदि की गरिमामयी उपस्थिति में अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। विशेष सहयोगी -श्री मनोज अग्रवाल,दशरथ पटेल (सरपंच साल्हेवारा) मोहित रजक, रविन्द्र



शर्मा, नोहर सोनवानी, दिनेश अग्रवाल, महावीर मरकाम, प्रेम जँघेल, आशीष शर्मा, दिलीप शुक्ला, मोहन श्रीवास आदि ग्रामजन व भक्तगण के सहयोग से यह आयोजन दिव्यता को प्राप्त हो रहा है। आयोजक - हरिहर समिति एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम साल्हेवारा।

## अर्जुनी में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अर्जुनी में पावर सिद्धि मित्रमण्डल, शंकर नगर भाठापारा, कावडेश्वर महादेव मंदिर पैरी के सयुक्त तत्त्वाधान में अर्जुनी में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई ,जिससे शिवभक्तों का विशाल जनसमूह दिखने को मिला यात्रा के दौरान व्यापारी संघ अर्जुनी ने सभी चौक चौराहों में फल, फलाहारी, जूस, पानी का वितरण एवम पुष्प वर्षा किया गया, कार्यक्रम के संजोयक दुर्गेश सिन्हा ने सबका आभार व्यक्त किया।



# जयपुर में गूंजा छत्तीसगढ़ राजनांदगांव का नाम, आयुर्वेदाचार्य शिव शंकर जोशी को मिला विजय श्री अवॉर्ड 2025



**जयपुर/राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रामीण और जनजातीय अंचलों में आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवा और स्वास्थ्य जनजागरूकता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य शिव शंकर जोशी को जयपुर में आयोजित 26वें कारगिल विजय दिवस समारोह में विजय श्री अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें आदिवासी क्षेत्रों में नि:शुल्क उपचार, जड़ी-बूटियों की जानकारी, योग, और प्राकृतिक जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु वर्षों से किए जा रहे समर्पण के लिए प्रदान किया गया। श्री जोशी ने छत्तीसगढ़ के सैकड़ों गांवों में पहुंचकर इलाज किया ही नहीं, बल्कि लोगों को यह भी सिखाया कि: बीमारी से लड़ो नहीं, समझदारी से बचो — यही असली स्वास्थ्य है। उनका काम केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि भारतीय चिकित्सा पद्धति के पुनर्जागरण का आंदोलन रहा है। उनका मानना है: आयुर्वेद केवल इलाज नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो तन और मन दोनों को स्वस्थ करता है।

राष्ट्रीय पहचान और प्रेरणा का स्रोत: शिव शंकर जोशी का यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि राजनांदगांव और पूरे छत्तीसगढ़ की उपलब्धि है। यह दर्शाता है कि समर्पण और सेवा का कार्य करने वाला एक सामान्य नागरिक भी राष्ट्रीय मंच पर पहचान बना सकता है। समारोह की भव्यता और प्रमुख अतिथि: कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के तत्वावधान में जयपुर स्थित रोटरी क्लब में किया गया, जहां देशभर के समाजसेवियों, शिक्षाविदों और चिकित्सकों ने भाग लिया। समारोह में कारगिल युद्ध के 527 शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्र की एकता-अखंडता हेतु संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथियों में शामिल थे: पूर्व शिक्षा मंत्री किशोर शर्मा पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह महामंडलेश्वर डॉ. अनीता योगेन्द्र गिरि चांसलर, इंटरनेशनल रोमा कल्चर यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली डॉ. हुकमचंद गणेशिया भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रेस सलाहकार श्री शरद गौड़ पूर्व अध्यक्ष, विप्र कल्याण बोर्ड (राज्य शासन) श्री महेश शर्मा पूर्व सांसद व शताब्दि पुरुष



पं. रामकिशन शर्मा विधायक, सिविल लाइन जयपुर श्री गोपाल शर्मा अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण: सम्मानित प्रतिभाओं में शामिल शिव शंकर जोशी को अब 25 दिसंबर 2025 को काठमांडू, नेपाल में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। शिव शंकर जोशी का यह सम्मान उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो बिना प्रचार, मूल्य आधारित, और जनसेवा के भाव से कार्यरत हैं। उनका प्रयास आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने और भारतीय चिकित्सा पद्धति को फिर से प्रतिष्ठित करने का राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त उदाहरण बन चुका है।

# छुईखदान जनपद में भुगतान घोटाला: भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस अब सिर्फ़ जुमला?

## राजनीतिक दबाव या अफ़सरशाही की मोहब्बत, कौन बचा रहा दोषियों को?

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत छुईखदान में लाखों रुपए के भुगतान घोटाले में दोषी पाए गए अधिकारी-कर्मचारियों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से सरकार की भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर सवाल खड़े हो गए हैं। 11 जून को दैनिक भास्कर में खुलासा होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में तो आया, लेकिन कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई। जांच में सामने आया कि जनपद पंचायत से विकास कार्यों की राशि को नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से चहेते वेंडरों, जनपद ऑपरेटर और ग्राम पंचायत सचिवों को भुगतान कर दिया गया। यह सब कुछ पंचायत को दरकिनार कर एकतरफा निर्णयों से किया गया।

**राजनीतिक संरक्षण या अफ़सरों पर प्रेम ?**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब घोटाले की पुष्टि हो चुकी है, तो कार्रवाई क्यों नहीं? कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने सीधा आरोप लगाया है कि भाजपा नेता ही दोषी अधिकारियों को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं की जा रही।जिला पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित कुल 8 सदस्य भाजपा से हैं, लेकिन कार्रवाई की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

**विधानसभा में भी उठा मुद्दा, लेकिन चुप्पी बनी रही**



विधानसभा सत्र के दौरान खैरागढ़ विधायक ने छुईखदान घोटाले पर प्रश्न तो उठाया, लेकिन कार्यवाही के संबंध में कोई प्रश्न नहीं की। वहीं उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री ने स्वीकार किया कि जनपद से सीधे वेंडर को भुगतान हुआ है और प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है। लेकिन चौंकाने वाली बात ये है कि घोटाले को स्वीकारने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनता के बीच अब यह धारणा गहराती जा रही है कि ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अब महज एक राजनीतिक स्लोगन बनकर रह गई है।

**सामान्य प्रशासन समिति ने किया निलंबन का प्रस्ताव फिर भी जिला प्रशासन चुप**


जनपद के सामान्य प्रशासन समिति ने 18 जून को बैठक कर घोटाले में दोषी सीईओ और ऑपरेटर को निलंबित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया था। इसके बावजूद जिला पंचायत ने न तो उस प्रस्ताव पर अमल किया और न ही दोषियों को नोटिस भेजा। छुईखदान जनपद में एकल हस्ताक्षर से करोड़ों का भुगतान, फर्जी वेंडर बनाकर राशि का गबन, बिना पंचायत प्रस्ताव के विकास कार्यों की स्वीकृति जैसे गंभीर आरोपों की पुष्टि होने के बावजूद, जिम्मेदार अफ़सर आज भी कुर्सी पर काबिज हैं।

**जनहित याचिका दाखिल की तैयारी**

कार्यवाही की उम्मीद छोड़ चुके जनपद सदस्य अब हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि जब शासन-प्रशासन खुद दोषियों को बचाने लगे, तब न्यायालय ही अंतिम सहारा बचता है। जनपद सदस्य अब यह भी मांग कर रहे हैं कि जिला पंचायत के उच्च अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाए, क्योंकि कार्यवाही न करना भी मिलीभगत का प्रमाण हो सकता है।

# चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रभक्ति, अभिप्रेरणा के महानायक - द्विवेदी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक परमादर्श क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद की जन्म-जयंती के



महत्तम परिप्रेक्ष्य में नगर विचार चिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक विमर्श में कहा कि अदम्य शौर्य-साहस-वीरता एवं देश-भक्ति के अद्वितीय आदर्श प्रतिबिम्ब चंद्रशेखर आजाद सदा सर्वदा से युवा-किशोर पीढ़ी के लिए एक जीवंत अभिप्रेरक व्यक्तित्व हुए है। जिनके सशक्त क्रांति नेतृत्व में ही देश-धरती को भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, बिस्मिल, बटुकेश्वर दत्त, अश्फाक, मन्मंथनाथ गुप्त, सचिन्द्रनाथ सान्याल, जयदेव जैसे माँ भारती के अमर सपूतों ने एकजुट होकर देश की आजादी के लिए ऐसै क्रांतिकारी संघर्ष का शंखनाद किया, जिससे फ्लस्वरूप ही अंग्रेजों को देश छोडक़र जाना पड़ा और हमें आजादी मिली। डॉ. द्विवेदी ने आगे विशेष रूप से उल्लेखित किया कि क्रांतिनायक चंद्रशेखर आजाद का ठेठ युवा रौब का मूंछ ऐंठता हुआ भव्य, अलौकिक चित्र आज भी युवा-जन-मन को सहज-सरल, जोश-खरोश से भर देता है। आइये माँ भारती के इस अनुपम-अनूठे महान देशभक्त, क्रांतिनायक, वीर साहसी लाल की कुर्बानी को हमेशा अपने मन-मस्तिष्क में स्मृत रखें और परमपावन पुण्य भूमि माँ भारती की रक्षा एवं सनातन संस्कृति के संवर्धन के लिए हमेशा तन-मन-धन से तत्पर रहें। यही आजादी महानायक आजाद जी के प्रति सच्ची श्रेयष्कर, सार्थक श्रद्धांजलि-पुष्पांजलि होगी तथा जय वन्देमातरम नारे के उद्घोष को अमर रखेंगे।

# गुजराती स्कूल में रैनी डे एवं अंतर सदन भाषण तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में 1957 से संचालित



अग्रणी संस्था गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल में शनिवार को रेनी डे एवं अंतर सदन भाषण तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण तथा मोबाइल के वरदान एवं अभिशाप को समझाया रेनी डे पर नन्हें-नन्हें बच्चों ने रेन कोट व छाता लेकर बारिश का मजा लिया तथा शिक्षिका श्रीमति भारती सोनकर ने बच्चों को बारिश के महत्व को जाना। मंच का संचालन छात्रा शुभम शर्मा एवं रोहन कन्नौजे के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के निर्णायक शिक्षक राजेंद्र सोनी व रितेश सोनकर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभम शर्मा तथा द्वितीय स्थान तनिष्का ने प्राप्त किया तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा सोनकर एवं द्वितीय स्थान स्वीकृति ने हासिल किया। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सी.ए. रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य पीयूष पटेल, अनिल पटेल व अन्य सदस्य, प्राचार्या सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या अर्पणा श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने इन छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी शाला की शिक्षिका मोनिका कठोलिया के द्वारा दिया गया।

# पंजवानी ने की पीएचई कांट्रेक्टर एसो. की कार्यकारिणी की घोषणा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पी.एच.ई.डी. कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक पंजवानी ने आज अपनी नई



कार्यकारिणी का गठन किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी की अनुशंसा पर श्री पंजवानी द्वारा घोषित कार्यकारिणी के पदाधिकारी इस प्रकार हैं- संरक्षकगण राकेश जोशी, अनिल सक्सेना, सुरेन्द्र दास, निलेश श्रीवास्तव, टिकुन टांक, अरविंद शर्मा, शत्रुहन वर्मा, मूलचंद लोधी, अमिन हुद्दा (पूर्व पार्षद) हैं। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, संजय संचेती डोंगरगांव, वीरेन्द्र चौहान, नरेश रामटेके, आशीष अग्रवाल डोंगरगढ़ बनाए गए हैं। इसी कड़ी में सचिव पद पर विनय बिंदल, सारांश आजमानी, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अर्जुन सिन्हा, राकेश शेण्डे, इंदर साहू (डोंगरगढ़), मानिक वर्मा, कुलदीप कुरंजेकर, प्रियंक जैन डोंगरगांव शामिल हैं। उक्त जानकारी अशोक पंजवानी ने दी।

## सप्ताह के सितारे (28 जुलाई 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 3- 8 - 0 | 23-32-28-82-38-83 |
| मंगल | 1- 3 - 7 - 9 | 37-73-39-93-79-97 |
| बुध | 2 - 4 - 5 - 7 | 24-42-27-72-47-74 |
| गुरू | 3- 4 - 9 - 0 | 34-43-30-03-90-09 |
| शुक्र | 2 - 3 - 4 - 8 | 29-92-34-43-78-87 |
| शनि | 3 - 5 - 6- 0 | 67-76-12-21-09-09 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 6 - 0

सप्ताह का वरदान -8 स्पेशल - 52- 12 -68 -08

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 15 - 16 - 10 | (6) 61 - 65 - 66- 60 |
| (2) 21 - 25 - 26 - 20 | (7) 71 - 75 - 76 - 70 |
| (3) 31 - 35 - 36 - 30 | (8) 81 - 85 - 86 - 80 |
| (4) 41 - 45 - 46 - 40 | (9) 91 - 95 - 96 - 90 |
| (5) 51 - 55 - 56 - 50 | (10) 01 - 05 - 06 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (मेन बाजार) (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 53-81-81-48-31-64 | 41-45-18-29-04 |
| 06-14-02-15-89-75 | 98-43-25-10-87 |
| 81-88-88-41-48-77 | 73-59-19-46-86 |
| 44-85-28-72-36-13 | 28-83-76-23-71 |
| 68-10-05-71-82-61 | 77-40-16-83-00 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# रूप नहीं, गुण को देखो' कार्यक्रम से बच्चों को मिला आत्मविश्वास बढ़ाने का संदेश

## यूनिसेफ, सर्वहितम, जिला प्रशासन और शिवेंद्र संस्थान की संयुक्त पहल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** यूनिसेफ के एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के अंतर्गत संचालित 'रूप नहीं, गुण को देखो' अभियान के तहत शनिवार को शहर के दो शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास व आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह विद्यालय तुलसीपुर और पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी माध्यमिक शाला में किया गया। शिवेंद्र सहयोग एवं जनकल्याण संस्थान के अध्यक्ष अनिमेष राय ने ब%चों को कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए आंतरिक गुणों को निखारने की आवश्यकता पर बल दिया।



यूनिसेफ युवोदय के जिला समन्वयक विनोद टेम्बुकर ने छात्रों को समझाया कि किस प्रकार बाहरी रूप की अपेक्षा आंतरिक गुणों और हुनर को पहचानना व संवारना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने किशोरावस्था में आत्मविश्वास की कमी, रूढ़िगत सोच व लैंगिक असमानताओं के प्रभाव को सरल भाषा में स्पष्ट किया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से ब%चों को प्रेरित किया गया कि वे दिखावे की बजाय अपने भीतर छिपे कौशल और गुणों को पहचानें और पढ़ाई के लिए घर में पढ़ाई का कोना बनाएं। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सरिता भोजवानी ने पॉक्सो एक्ट व गुड टच-बैड टच के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। ठाकुर प्यारेलाल सिंह विद्यालय में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिगई रहे, वहीं बख्शी विद्यालय में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष देवशरण सेन व पार्षद अमृता मोहन सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला शक्ति समूह की मोना गोसाई, सुधा पवार, संगीता शुक्ला, रितु शर्मा, कुमारी महोबिया, जमुना साहू, फातिमा सोलंकी, प्रेमा सोनकर, अनीता फ्रांसिस, कमलेश्वरी साहू व कांति मौर्य ने अहम भूमिका निभाई। अंत में प्राचार्य श्रीमती खरे एवं सह प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों व आयोजकों को इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# गरीबों के धंधे पर चला रही बुलडोजर लगेगी हाय - कांग्रेस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के



महामंत्री नीरज कन्नौजे ने प्रेस को जारी अपने एक बयान में कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे हैं अतिक्रमण हटाओ अभियान को भेद भाव गरीबों पर अत्याचार निरूपित किया है उन्होंने कहा कि बरसात में चिड़ियों का घोसला तक नहीं उजड़ा जाता चीटियों के बिल तक बंद नहीं किए जाते ऐसे में भाजपा की सरकार नगर निगम के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीबों के धंधे पर बुलडोजर चला रही है। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि इस पाप की सजा भाजपा को आज नहीं तो कल ले डूबेगीभाजपा सरकार की इस दुर्भावना पूर्ण कार्यवाही से बहुत से गरीबों के घर शोक की स्थिति में है। उनका घर कर खर्च चलना मुश्किल हो रहा है इसके जवाबदार नगर निगम प्रशासन ही नहीं पूरी भाजपा सरकार गरीबों के धंधे तो उजाड़ दिए लेकिन नगर निगम ने उन्हें व्यवस्थापन नहीं दिया। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक आघात भी लगा है। बहुत से परिवार धंधा उजड़ने से सदमे में जी रहे हैं कि आगे क्या करेंगे घर खर्च कैसे चलेगा। कई दुकानदारों के समान रह गए हैं वे खराब हो रहे हैं। नगर निगम को अतिक्रमण अभियान चलाना ही था तो गरीबों को क्यों चुना गया क्या इस शहर में धनपतियों के अतिक्रमण नहीं है अगर दो चार धन्नासेठो के पक्का निर्माण अगर तोड़ देती तो इसे निगम प्रशासन और भाजपा सरकार की बहादुरी मानी जाती है लेकिन कमजोरों को सतना कमजोरों पर अत्याचार करना भाजपा की फितरत में है ऐसा पहली बार नहीं हुआ है ।

# बिहान योजना से ग्रामीण महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर : किरण रविन्द्र वैष्णव

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बापूटोला में बिहान समूह की दीदीयो द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन आमसभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा व जिला पंचायत राजनांदगांव सभापति अनीता मंडावी व जनपद पंचायत सदस्य रेखा गंधर्व भी मुख्य रूप उपस्थित थे..! कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिहान समूह की शुरुआत 2011 में हुई थी। बिहान का यह स्वरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री आदरणीय डा रमन सिंह जी की देन है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। जिसमें राज्य आजीविका मिशन के तहत समूहों को कम से कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना चाहते हैं। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में बिहान के माध्यम से समूह की बहनों को



कम ब्याज में लोन देकर सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज गां?व की महिलाएं अगरबत्ती, मोमबत्ती, मिर्च-मसाले, आइस्क्रीम, जूस, दोना पत्तल, गौठान में खाद बनाना जैसे अनेक कार्य कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। हमारी सरकार निरंतर महिलाओ को आगे बढ़ाने का निरंतर कार्य करती है।आज गांव की महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर हो रही है। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बिहान योजना के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास हो रहे हैं। हमारे राजनांदगांव जिले की महिलाएं अब न केवल अपने परिवार का सहारा बन रही हैं, बल्कि समाज में प्रेरणा स्रोत के रूप में उभर रही हैं।बिहान योजना के अंतर्गत स्वरोजगार और सामूहिक उद्यमिता के ज़रिए महिलाएं अब केवल समूह की सदस्य नहीं, बल्कि अपने गांव की आर्थिक विकास की वाहक बन रही हैं। राजनांदगांव जिले व खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की यह कहानी न केवल बदलाव का प्रतीक है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में पदाधिकारियों का गठन



**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगाँव में किशोर भारती कन्या भारती का गठन कर शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। किशोर भारती प्रमुख आचार्य केशव पटेल एवं ह्रदय राम पटेल आचार्य के मार्गदर्शन में 26 जुलाई को विद्यालय स्तर पर किशोर भारती एवं कन्या भारती के पदाधिकारियों का गठन करके संस्था प्रमुख जितेंद्र वैष्णव द्वारा विद्यालय संचालन हेतु उन्हें शपथ दिलाई गयी। नेमुदास साहू आचार्य द्वारा पदाधिकारियों को दायित्व बोध कराया गया। साथ ही विद्यालय के समस्त आचार्य, दीदीयों द्वारा, सरस्वती शिक्षा समिति द्वारा उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी। पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष भैया दुर्गेश कुमार साहू व बहन हिना देवांगन, उपाध्यक्ष भैया संस्कार वैष्ण्व व बहन हेमलता उइके, सचिव भैया दीपांशु रजक व संध्या देवांगन, सह सचिव भैया खुमान व बहन प्राची रामटेके, सेनापति भैया प्रीतम सोनकर व बहन श्रुतिरानी चतुर्वेदी, सह सेनापति भैया महावीर अहीर व बहन निशा वैष्णव, अनुशासन प्रमुख भैया गौरव साहू व बहन श्रुति रामटेके, सह अनुशासन प्रमुख भैया रोहित धनकर व बहन कामिनी देवांगन, क्रीड़ा प्रमुख भैया भावेश पाडे व बहन दीपिका, सह क्रीड़ा प्रमुख भैया रूद्र देवांगन व बहन तारिणी, आईघोष प्रमुख भैया दिव्यांश उके व बहन कशिश देवांगन, सह घोष प्रमुख भैया अमित हिरवानी व बहन योषिता, सांस्कृतिक प्रमुख बहन शीतल रजक व बहन माही यादव, सह सांस्कृतिक प्रमुख भैया धावेंद्र व बहन ट्विंकल पटेल, प्रार्थना प्रमुख भैया कृतज्ञ दुबे व बहन शिवानी, सह प्राथना प्रमुख भैया रोहित पटेल व बहिन पूजा साहू, चिकित्सा प्रमुख भैया टामेश्वर व बहन नरांजलि, सह चिकित्सा प्रमुख भैया शुभम देवांगन व बहन चंचल पटेल, खोया पाया प्रमुख भैया रोहन देवांगन व बहन ख़ुशी साहू, सह खोया पाया प्रमुख भैया दुष्यंत व बहन नम्रता, स्वछता प्रमुख भैया नमन देवांगन व बहन कृतिका देवांगन, सह स्वछता प्रमुख मनीष सलामे व बहन काजल, बागवानी प्रमुख भैया साकेत साहू व बहन इंदू ठाकुर, सह बागवानी प्रमुख जितेंद्र देवांगन व बहन दीपा कुम्भकार, प्रचार प्रसार प्रमुख भैया अविनाश नायक व बहन योगिता साहू, सह प्रचार प्रसार प्रमुख भैया संकल्प वैष्णव व बहन दिव्या नेताम, जल प्रमुख भैया वरुण साहू व बहन चंचल यदु, सह जल प्रमुख भैया कान्हा व बहन सानिया है।

# डॉ रमन सिंह की सरकार और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की दूरंदेसी सोच से कृषि कार्य आसान: भाजपा किसान नेता

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा किसान नेता ने कहा कि भारत में आजादी के बाद कृषि क्षेत्र में आशातीत उल्लेखनीय वृद्धि की है आजादी के बाद 1965 तक हमारे कृषि उपज अपने देश की जनता को भरपेट भोजन करने के लिए सक्षम नहीं था 65 के बाद प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने हरित क्रांति का उद्घोष किया एवं अनाज बचाने के लिए सोमवार को एक टाइम का उपवास रखने का आव्हान किया साथ ही रासायनिक खाद के उपयोग को सुनिश्चित किया जिससे धीरे-धीरे अनाज की उपज में वृद्धि होती गई। प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के समय में हरित क्रांति और दुग्ध उत्पादन की क्रांति को बढ़ावा दिया गया आज हम अपने देश के अवाम को भरपेट भोजन करने के बाद विश्व के कई देशों को अनाज का निर्यात करते हैं और विश्व में गरीब देश को दो वक्त भोजन के लिए भारत सरकार के द्वारा निशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जाता है।। दूध उत्पादन के क्षेत्र में हम विश्व में प्रथम स्थान पर हैं।कृषि क्षेत्र में पूरे देश में हमने उल्लेखनीय प्रगति की है लेकिन छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह की सरकार और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की दूरंदेसी सोच से कृषि कार्य आसान हुआ किसानों को। 12 से 14 परसेंट में कृषि कार्य के लिए ऋण प्राप्त होता था उसे माननीय अटल बिहारी वाजपेई ने 7त्न और बाद में चार परसेंट कर दिया जिससे किसानों को खेती करने में सहूलियत हुई। छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह की सरकार ने कृषि ऋण को एक परसेंट और बाद में 0त्न करने से छत्तीसगढ़ का कृषि उत्पादन



बहुत जोरों से प्रगति करने लगा कांग्रेस की पहली सरकार माननीय अजीत जोगी के समय में धान की शासकीय खरीदी 18 लाख मैट्रिक टन था डॉ रमनसिंह की सरकार में वह खरीदी 1लाख 5हजार मीटरिक टन तक पहुंच गया आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार में पिछले वर्ष 1लाख 49हजार मिट्रिक टनतक धान की खरीदी पहुंच गया है। इस सब के पीछे भाजपा सरकार की किसानों को देने वाली सहूलियत में वृद्धि और 3100 रुपए धन प्रति क्विंटल खरीदी का विशेष योगदान है इसके अलावा समर्थन मूल्य के ऊपर की ?800 की राशि एक मुश्त देने से ? किसने की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और खेती में जो आवश्यक खर्च होता है उसे किसान दिल खोलकर करते हैं जिससे अनाज में आशा तीत सफ्लता प्राप्त हुई है। संपूर्ण भारत देश में छत्तीसगढ़ की अनाज के मामले में हुईवृद्धि से ?देश अचंभित हैं आज हम हरियाणा और पंजाब से ज्यादा धान उपजाते हैं। छत्तीसगढ़ के किसानों ने यह सिद्ध कर दिया कि सरकार ने किसानों पर जो भरोसा किया उसे किसानों ने कर दिखाया है। केवल किसानी ही नहीं बल्कि देश के उद्योगों में भी आज 70 प्रतिशत कृषि मजदूर ही कार्य करते हैं देश में आज कृषि का प्रतिशत पहले की अपेक्षा जो 75 पर्सेंट होता था वह 50 से 60 परसेंट हो गया है उसके बावजूद हम सर प्लस अनाज उपजा रहे हैं। भारत के कृषि उन्नति में कृषि वैज्ञानिकों का अहम रोल है यदि सब मिलकर कार्य करें भारत 2047 में निश्चित रूप से विकसित देश के रूप में दिखाई देगा।

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में किस राज्य ने उस्ताद अलाउद्दीन खान महोत्सव का आयोजन किया?*
*2) ऐसा युद्ध जिसमें साइबर और मनोवैज्ञानिक तरीकों जैसे गैर-पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया जाता है, उसे क्या कहते हैं?*
*3) सॉल्ट टाइफून क्या है?*
*4) हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में किन शब्दों को शामिल करने को सही ठहराया?*
*5) हाल ही में खबरों में देखा गया बेगोनिया नेइस्टी क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मध्य प्रदेश (2) हाइब्रिड युद्ध (3) एक हैकिंग समूह (4) धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी (5) फूलों के पौधों की एक नई प्रजाति

# नंदी के कान में क्यूँ कहीं जाती हैं मनोकामना



शास्त्रों में बताया गया है कि नंदी के कानों में अपनी मनोकामना कहने से वह इच्छा भगवान शिव तक पहुंचती है। लेकिन क्या आपको पता है कि इस मान्यता के पीछे की वजह क्या है? ऐसा क्यों किया जाता है और इसके नियम क्या हैं? आइए इससे जुड़ी पौराणिक कथा के बारे में जानते हैं.... (सब हैडिंग)

एक बार की बात हैं कैलाश की बर्फीली चोटियों के एक पवित्र शिखर पर महादेव शंकर ध्यानस्थ थे। धीरे-धीरे भोलेनाथ का यह ध्यान गहन समाधि में विलीन हो गया। इतने में, मलंगी में झूमता हुआ महादेव का परम गण नंदी आया। नंदी अपनी धुन में था और अनायास उसके मन में विचार उठा- च्किसी महान लक्ष्य को साधने हेतु मेरे प्रभु आशुतोष समाधि में स्थित हैं। मुझे भी सहयोग देना चाहिए। दिव्य तरंगों को सघन करना चाहिए।ज् यही विचार कर नंदी ने महादेव के समक्ष धरा पर एक आसन बिछाया। फिर पद्मासन में तन को तान कर साधना में बैठ गया। साधना के प्रताप से उसके हृदय का सूक्ष्म तार महादेव की ब्रह्मचेतना से जुड़ गया।

कुछ समय बादज् एक अप्रिय घटना घटी! दुष्ट जालंधर, जो महादेव से घोर शत्रुता रखता था, वह कैलाश में घुसपैठ कर गया। छल-बल से महादेव की भार्या देवी पार्वती का अपहरण करके ले गया। शिवलोक में हाहाकार मच गया। देवगण और शिवगण घोर चिंता से व्याकुल हो उठे। उन्होंने सामूहिक निर्णय लिया कि इस दुर्घटना की सूचना महादेव को दी जाए। परन्तु कैसे? महादेव तो गहन समाधि में लीन थे। श्री गणपति ने उन्हें उठाने के भरसक प्रयत्न किए, पर विफल रहे। भगवान आशुतोष की समाधि तो शून्यता की अतल गहराइयों को छू चुकी थी। ऐसे में क्या करें? विवेक के देवता श्री गणपति को युक्ति सूझी। उन्होंने महादेव के परम गण नंदी को साधन बनाया। ध्यान में लीन नंदी के कान में सारी दुर्घटना कह दी। इधर नंदी के कान में सूचना गई, उधर भगवान के नेत्र तुरन्त खुल गए।

महादेव समाधि से उठ गए। कैसा अद्भुत सूक्ष्म जुड़ाव था- भक्त और भगवान का! भगवान शिव ने नंदी को यह आशीर्वाद दिया कि जो भी व्यक्ति तुम्हारे कान में अपनी इच्छा कहेगा, वह मुझ तक जरूर पहुंचेगी और उसे पूर्ण भी किया जाएगा। और बस, तभी से यह ऐतिहासिक घटना एक आराधना पद्धति या प्रथा का रूप ले गई। आज अनेक शिव-मंदिर इस प्रकार निर्मित हैं, जिनमें महादेव या शिवलिंग के ठीक सामने नंदी की प्रतिमा होती है। भक्तजन अपनी मनोकामना नंदी के कान में कहते हैं। मान्यता है कि वह कामना सीधा भगवान शिव तक संप्रेषित हो जाती है।

**नंदी के कान में कैसे कहें अपनी इच्छा ?**

नंदी के कानों में अपनी मनोकामना कहने से वह इच्छा पूर्ण होती है, लेकिन इससे पहले का उच्चारण करना आवश्यक होता। है, ताकि नंदी ध्यान से आपकी बात सुनें और उसे शिवजी तक पहुंचाएं। इसके लिए आपको सबसे पहले नंदी की विधिवत पूजा करनी हैं, नंदी के सम्मुख दीपक चास कर उन्हें भोग अर्पित करना हैं। इसके बाद का उच्चारण करते हुए अपनी मनोकामना नंदी के बाएं कान में कहना हैं। ऐसा माना जाता है कि बाएं कान में कही गई बात शिवजी तक जल्दी पहुंचती है और पूरी भी होती है।



**योगेश कबूलपुरिया**
**वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं सामाजिक विश्लेषक**

## मन की बात का 124वां एपिसोड में पीएम बोले- शुभांशु शुक्ला धरती पर उतरे, लोग उछल पड़े

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा नेता एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा मुंगेली जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द सिंह राजपूत आज अपने निवास गृह ग्राम कोदवा बानी बूथ क्रमांक 164 पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के च्मन की बातज् के 124वें संस्करण को देखा व सुना। जन-जन को एक सूत्र में पिरोते हुए च्विकसित भारत निर्माणज् के लिए मार्गदर्शन करने वाले इस संवाद हेतु राजपूत ने कहा कि मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। इस कार्यक्रम ने हम सभी को राष्ट्रहित, जनभागीदारी, और सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा दी। आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा साझा किए गए विचार, अनुभव और प्रेरक तथ्य सभी युवाओं के लिए मार्गदर्शन का स्रोत हैं। इस संवाद में माननीय प्रधानमंत्री जी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक वापसी, भारत के ऐतिहासिक किलों को अमूल्य धरोहर, स्वदेशी आंदोलन और वस्त्र उद्योग के उत्थान, प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, मछली पालन जैसे सराहनीय पहलों तथा स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने पर प्रेरक विचार साझा किए। पीएम ने कहा यूनेस्को ने 12 मराठा किलों को विश्व धरोहर का दर्जा दिया है। सभी किलों का इतिहास संक्षेप में पेश किया है। 'मन की बात' हमें देश की संस्कृति, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है।

## पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में तनाव प्रबंधन विषय पर दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव श्री गजेन्द्र सिंह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि लाईफकोच श्री रोहित तेलंग सर ने वक्ता के रूप में पुलिस अधिकारियों को संबोधित किया। रिफ्रेशर कोर्स को आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक के लिये आयोजित किया गया। पुलिसकर्मियों को अपडेटेड रहने के लिये सरकार द्वारा संचालित किया गया था। पूरे सप्ताह के इस प्रशिक्षण के दो दिन तक लाईफ कोच रोहित तेलंग सर ने प्रशिक्षण के विषय अनुरूप व्याख्यान दिये। पुलिस कर्मियों को स्ट्रेस कैसे जीवन पर गलत असर बनाता है उससे होने वाली शारीरिक मानसिक नुकसानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उससे संबंधित तकनीकों से अवगत कराया। व्याख्याता ने कहा कि, तनाव मुक्ति जीवन के लिये न्यूरो लिंगविस्टिक प्रोग्रामिंग तकनीक जरूरी है अगर अपने जीवन में आप इस तकनीक का अभ्यास करते हो तो तनाव मुक्त जीवन को आसानी से प्राप्त कर सकते हो साथ ही व्याख्याता ने मस्तिष्क कैसे दैनिक क्रियाओं को ज्ञानेन्द्रियों द्वारा ग्रहण करता है और उससे बार-बार आने वाले गुस्सा, तनाव इसको हम कैसे रोक सकते है दिन प्रतिदिन बैठनी वाली अपेक्षा और उन अपेक्षाओं को पूरा न होते देख आने वाला तनाव सामाजिक जीवन में होने वाली तुलना और उससे आने वाला तनाव ये सब मस्तिष्क और मन पर जो बुरे असर बनाता है ।



## 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी ससंघ का मंगल चातुर्मास कलश स्थापित किया गया





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी एवं विद्या निधि 108 आचार्य श्री समयसागर महाराज जी के आशीर्वाद से 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता जी ससंघ का मंगल चातुर्मास कलश हर्षोलाश के साथ धूम ङ्क धाम से स्थापित किया गया 7 प्रात: 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आरती हुई तत्पश्चात 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के चरण चिन्ह का प्रक्षाल कर उनकी महा मनोहर अष्ट द्रव्य से सामूहिक पूजन एवं मंगल आरती कि गयी 7 दोपहर में मंगल चातुर्मास कलश स्थापना के कार्यक्रम को अति मधुर एवं हृदय को स्पर्श कर अन्तरंग के भावों को प्रगट कर मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात आचार्य श्री के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्जवलित किया गया 7 आचार्य श्री कि पूजन के लिये स्थापना एवं अर्घ्य समर्पण के लिये डोंगरगढ़ महिला मंडल एवं बाहर से आये महिला मंडल के द्वारा अति मनोरम, सुन्दर ङ्क सुन्दर साज ङ्क सज्जा से युक्त द्रव्य कि थाल लेकर इन्द्र एवं इन्द्राणी स्वरुप सज ङ्क धज कर नृत्य करते हुए अपने गुरु के प्रति अपार भक्ति प्रकट करते हुए बारी ङ्क बारी से आकर स्थापना, जल, चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फ्ल, अष्ट द्रव्य से सजे अर्घ्य एवं पूर्णार्घ्य समर्पित किया गया 7 इसके बाद प्रतिभास्थली कि छात्राओं द्वारा मनमोहक नाटक एवं नृत्य कि प्रस्तुति दी गयी जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए एवं उपस्थित पालकों को अपने बच्चों कि ऐसी प्रस्तुति देखकर गौरवान्वित हुए 7 डोंगरगढ़ एवं बाहर से आये डोंगरगांव, राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, छुईखदान महिला मंडल के द्वारा भी उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति दी गयी।

## 6 वर्षीय अथर्व रजक ने जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण, मां को समर्पित किया पौधा

### छह साल के अथर्व ने जन्मदिन पर मां के नाम किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के शांति नगर क्षेत्र में रहने वाले 6 वर्षीय केजी 2 के विद्यार्थी अथर्व रजक ने अपने जन्मदिन को यादगार और प्रेरणादायक बनाने का अनोखा कार्य किया। अपने छठवें जन्मदिवस के अवसर पर अथर्व ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अथर्व ने पौधे को अपनी मां के नाम समर्पित किया और कहा कि हर बच्चे को अपने जन्मदिन पर इस तरह के कार्य करने चाहिए जिससे समाज और पर्यावरण दोनों को लाभ मिले। अथर्व के इस कार्य की सराहना मोहल्लेवासियों सहित परिजनों ने भी की। अथर्व के दादा परमानंद रजक ने बताया कि अथर्व बचपन से ही प्रकृति के प्रति विशेष लगाव रखता है। उसके इस कार्य से प्रेरित होकर कई लोगों ने भी अपने जीवन में वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया है। एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों के ज़रिए छोटे बच्चों द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में एक सकारात्मक संदेश देने वाला है और आने वाली पीढ़ी के लिए एक उदाहरण भी।

# शराब तस्करी के बड़े जालसाजों पर थाना गैंदाटोला पुलिस की सफल कार्यवाही

## सीमा पार राज्य निर्मित शराब की परिवहन को गैंदाटोला पुलिस ने किया जप्त

***शातिर आरोपियों के द्वारा दो राज्यों के सीमा से अवैध शराब कर रहे थे पार शराब तस्करो के कब्जे से 35 पेटी गोवा मध्यप्रदेश निमिर्त शराब कुल 420 बॉटल ( 750 ml ) एवं 2 पेटी मेक डावेल्सव नंबर -01 शराब 24 नग बॉटल, कुल मात्रा 333.000 बल्क लीटर जुमला कीमती 2,42,640/- रूपये एवं एक नग वाहन मारुती सुजुकी एक्सप्रेसों क्रमांक CG04-N-8847 कीमती करीबन 2,50,000/- रूपये , कुल जुमला कीमती 492640/- रूपये***




**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी उमेश बघेल के नेतृत्व मे थाना गैंदाटोला क्षेत्रों मे शराब , जुआ , चोरी के मामलों की गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है इसी दरम्यान ,लगातार मिल रहें शराब तस्कोरी के बड़े जालसाजों के द्वारा सीमा पार राज्ये मध्यआप्रदेश - महाराष्ट्र शराब की तस्कबरी की जा रही है जिसमें नवीन पदस्थापना थाना प्रभारी गैंदाटोला निरी0 उमेश बघेल के द्वारा विशेष रूप से शराब तस्करी पर नजर बनाये रखे हुये थे कि 27.जुलाई को मुखबीर सूचना मिली कि सीमा पार राज्य् महाराष्ट्र की ओर से एक चार पहिया वाहन में अधिक मात्रा में शराब का परिवहन किया जा रहा है कि सूचना पर रवाना होकर पुलिस टीम को नेतृत्व करते हुये ग्राम कुहीकला के गढ डोंगरीपहाड़ी के पास रोड में नाकाबंदी कर वाहन तलाशी लिया जा रहा था कि एक चार पहिया वाहन कार एक्स प्रेसों क्रमांक ष्ट्र04ह्8847 को रोककर चेक किया गया , जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे जिन्हे विधिवत पूछताछ कर कार्यवाही करते हुये वाहन की तलाशी ली गयी जिसमें आरोपियों के कब्जे से 35 पेटी गोवा मध्यप्रदेश निमिर्त शराब कुल 420 बॉटल (750 द्व्य) एवं 2 पेटी मेक डावेल्सद नंबर - 01 शराब 24 नग बॉटल , कुल मात्रा 333.000 बल्क लीटर जुमला कीमती 2,42,640/- रूपये एवं एक नग वाहन मारुती सुजुकी एक्सप्रेसों क्रमांक ष्ट्र04ह्8847 कीमती करीबन 2,50,000/- रूपये , कुल जुमला कीमती 492640/- रूपये जप्त करो आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा- 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत दर्ज कर आरोपियों को गिर0 कर ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया हैं । उक्त रेडकायर्वाही में थाना गैंदाटोला पुलिस टीम में उमेश बघेल , मेघनाथ सिन्हा मुरारी लाल पटेल,मोहित साहू , नरेश प्रधान , टीकाराम ध्रुव ,राकेश साहू , की विशेष भुमिका रही हैं ।

## धर्म समाचार....

# मान्यताएं: घर के मंदिर में रोज जलाना चाहिए दीपक

जिन घरों में भगवान की प्रतिमाएं और तस्वीरें होती हैं, वहां सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है, ऐसी मान्यता है। इस मान्यता की वजह से ही घर में भगवान के लिए अलग से पूजन कक्ष बनाने की परंपरा है। घर में पूजन कक्ष किस दिशा में बनाना ज्यादा शुभ होता है, इस संबंध में वास्तु शास्त्र में कई नियम बताए गए हैं। वास्तु शास्त्र एक ऐसी विद्या है, जिसमें घर की स्थिति को शुभ बनाए रखने के लिए नियम बताए गए हैं।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य और वास्तुविद् पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, घर में मंदिर या पूजा घर केवल एक पूजा स्थल नहीं होता, यह पूरे परिवार का आध्यात्मिक केंद्र होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में मंदिर की सही स्थिति और शुभ दिशा से सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का प्रवाह बना रहता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा स्थान की दिशा बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह न केवल घर की ऊर्जा को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक आनंद में भी सहायक होती है। घर के मंदिर के लिए उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) को सबसे शुभ माना गया है। ये दिशा देवताओं का वास स्थल है और



ध्यान-पूजन के लिए विशेष फ्लदायी मानी जाती है। शयनकक्ष, रसोई या शौचालय के पास मंदिर नहीं होना चाहिए। इससे नकारात्मक ऊर्जा फैलती है और पूजा-पाठ में एकाग्रता नहीं बन पाती है। ऐसी जगह पूजा करने का पूरा पुण्य भी नहीं मिलता है। दक्षिण दिशा में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं रखने से बचना चाहिए, क्योंकि यह दिशा पितृलोक और यमराज की मानी जाती है। यहां केवल पितरों की तस्वीरें रखनी चाहिए। मंदिर ऐसी जगह बनाना चाहिए, जहां सूर्य की रोशनी पहुंचती है। मंदिर के आसपास पर्याप्त रोशनी रहनी चाहिए।

**मंदिर की पवित्रता और सजावट: वास्तु के अनुसार ऐसी रखें व्यवस्था**

एक सुव्यवस्थित और पवित्र मंदिर न सिर्फ धार्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है, बल्कि घर की सुख-समृद्धि और सकारात्मकता को भी बढ़ाता है: मंदिर को हमेशा साफ-सुथरा और शांत वातावरण वाला बनाएं। केवल आवश्यक पूजन सामग्री ही रखें, अनावश्यक वस्तुएं मंदिर की सकारात्मक ऊर्जा को कम करती हैं। सुबह-शाम विधिवत पूजा करें। यदि समयाभाव हो तो कम से कम एक दीपक अवश्य जलाएं, ये छोटा सा काम घर में सकारात्मकता बनाए रखेगा। पूजा में तांबे, पीतल, चांदी, या मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करें। स्टील, लोहे और एल्यूमीनियम से परहेज करें। मंदिर की दीवारों पर हल्के और शांत रंग जैसे पीला, नारंगी, नीला या सफेद रखें। सफेद पत्थर से बना मंदिर विशेष रूप से शुभ माना जाता है। मंदिर में प्रवेश से पूर्व स्नान अथवा कम से कम हाथ-पैर धोने का नियम अपनाएं।

**प्रतिमाएं और धार्मिक ग्रंथों की व्यवस्था**

मंदिर की आत्मा उसकी प्रतिमाएं होती हैं। इनके चयन और स्थान पर विशेष ध्यान देना चाहिए: मंदिर में छोटी प्रतिमाएं रखें, जो पीतल, चांदी, सोना, स्फटिक, पारद या पत्थर की बनी हों। खंडित मूर्तियां मंदिर में नहीं रखनी चाहिए।

### सावन सोमवार पर बनेगा महासंयोग! भगवान गणेश की कृपा से दूर होगी आर्थिक तंगी

सावन माह के तीसरे सोमवार पर विनायक चतुर्थी है। इस शुभ अवसर पर भगवान गणेश की भी पूजा की जाएगी। साधक चतुर्थी का व्रत भी करेंगे। यह दिन बेहद खास है। सावन सोमवार पर देवों के देव महादेव की पूजा करने से हर एक मनोकामना पूरी होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन माह की तीसरी सोमवारी 28 जुलाई को है। इस दिन विनायक चतुर्थी भी मनाई जाएगी। सावन माह के तीसरे सोमवार पर भगवान शिव और मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाएगी। साथ ही साधक भगवान शिव और मां पार्वती के निमित्त सोमवार का व्रत भी रखेंगे। ज्योतिषियों की मानें तो सावन माह के तीसरे सोमवार पर रवि योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फ्ल मिलेगा। साथ ही भगवान गणेश की पूजा करने से आर्थिक तंगी दूर होगी। आइए, शुभ मुहूर्त और योग जानते हैं-




**सावन सोमवार शुभ मुहूर्त** - वैदिक पंचांग के अनुसार, 28 जुलाई को देर रात 11 बजकर 24 मिनट तक सावन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि है। इसके बाद पंचमी तिथि शुरू होगी। इस प्रकार 28 जुलाई को सावन माह के तीसरे सोमवार पर शुक्ल पक्ष की चतुर्थी और पंचमी तिथि है। साधक अपनी सुविधा अनुसार समय पर शिव परिवार की पूजा कर सकते हैं।

**सावन सोमवार शुभ योग** - ज्योतिषियों की मानें तो सावन माह के तीसरे सोमवार पर एक साथ कई शुभ संयोग बन रहे हैं। सावन सोमवार पर रवि योग का संयोग शाम 05 बजकर 35 मिनट तक है। इस योग में शिव परिवार की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। वहीं, सावन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र का संयोग दिन भर है। जबकि, उत्तराफाल्गुनी का संयोग रात भर है। इन दोनों योग में शिव-शक्ति की पूजा करने से सभी प्रकार के शुभ कामों में सिद्धि यानी सफलता मिलेगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# पखवाड़े भर के अंदर नगर में शिवनाथ दूसरी बार उफान पर

## नदी किनारे स्थित सैकडो किसानो के खेत व सब्जी कछार बाढ के डूबान में, महिने में दूसरी बार किसानो की फसल बाढ में बहे, किसान चिंताओ से घिरे



**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** शुक्रवार से महाराष्ट्र बार्डर एवं वनांचल में हो रही निरंतर बारिश के बाद शिवनाथ नदी नगर में उफान पर है। पखवाडे भर के अंतराल में नगरवासियो को दूसरी बार बाढ का सामना करना पड रहा है। बाढ से नदी किनारे लगे खेत एवं सब्जी भाजी के कछार दूसरी बार डूब गए है। बाढ उतरने के बाद एक बार फिर तबाही का मंजर सामने आएगा। लेकिन यह तय है की किसानो को इस वर्श दूसरी बार हजारो रूपए की क्षत के सामना करना पडेगा।

शुक्रवार से नगर व क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरुवार से नगर में एक तरह से बंद का माहौल है। बारिश के चलते पिछले दो दिनो से नगर में सडक किनारे लगने वाली गुमठिया एवं रेहडी दुकाने एक तरह से बंद ही नजर आई है। जबकि बडी प्रतिश्ठाने भी बारिश के चलते खुल ही नही रही है। निरंतर हो रही वर्षा से ब्लाक मुख्यालय में लोगो की आवाजाही सामान्य दिनो के मुकाबले कम ही नजर आई। हरेली पर्व के दिन यात्री वाहनो की आवाजाही बंद थी लेकिन पिछले दो दिनो से बारिश के चलते बसो के पहिए थम से गए है।

**बाढ से खेत व सब्जी कछार डूबी**

पखवाडे भर के अंदर शिवनाथ नदी में बाढ आ गया है। बाढ से नदी किनारे स्थित नगर के अलावा ग्राम बिहरीकला, बिहरीखुर्द, केसला, सिरमुंदा, बोईरडीह, सांगली, थुहाडबरी, ब्राम्हणभेडी , धानापायली, सेम्हरबांधा, पीपरखार, कातुलवाही के सैकडो किसानो के खेत व सब्जी कछार बाढ के डूबान में है। बाढ से प्रभावित किसानो ने बताया की एक पखवाडे पहले ही उन्होने नदी से बाढ उतरने के बाद अपने खेतो में दोबरा बोआई एवं थरहा लगाने का कार्य किया था। अब दूसारी बार के बाढ से उनकी कमर ही टूट गई है। क्योकि अब बाढ उतरने के बाद उन्हे तीसरी बार पुनः नए सिरे से फसल लेने के लिए अपनी तैयारी करनी पडेगी।

**मोंगरा बराज से 20 हजार क्यूसेक पानी छोडा गया**

भारी बारिश से मोंगरा बराज लबालब हो गई है। मोहला एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य ने बताया की शनिवार को शाम तक की स्थिती में मोंगरा बराज से बीस हजार क्यूसेक पानी नदी में छोडा गया है। एसडीएम ने बताया की यदि बराज में भराव अधिक हुआ तो पानी दुबारा छोडा जा सकता है। मोंगरा बराज के अधिकारी कर्मचारी हालात पर नजर रखे हुए है। इधर भारी बारिश से बराज में जल स्तर तेजी से बढता जा रहा है। वर्तमान में बराज के पांच गेट खोल कर रखे गए है। यदि पानी अधिक आया तो बराज से फिर पानी डिस्चार्ज किया जाएगा।

**नगर में नदी किनारे बस्ती अलर्ट पर**

नगर में शिवनाथ नदी के किनारे बसी बस्ती वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 एवं 8 का निचला इलाका बाढ आने से डूबान में आ जाता है। यंहा पर शिवनाथ में बाढ आने से नदी किनारे स्थित असंख्य मकानो में तीन



एक से तीन फीट तक पानी घुस जाता हे। जिससे इन इलाको में रहने वाले लोगो को मकान खाली करा कर नगर पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन, मंगल भवन या टाउन हाल में अस्थाई निवास बना कर ठहराना पडता है। प्रषासन के अलर्ट के बाद नदी किनारे स्थित इन बस्तियो एवं यंहा के निवासियो का अलर्ट कर दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने आज शाम नगर के बाढ प्रभावित क्षेत्रो का भ्रमण कर यंहा के रहवासियो को बाढ के खतरे को देखते हुए सुरक्षित ठिकाने में चले जाने या नगर पंचायत द्वारा बनाए गए अस्थाई आवास में ठहर जाने की अपील की है।

## मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में द्वादश ज्योतिर्लिंग का रूद्राभिषेक आज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा संचालित मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग का महारुद्राभिषेक आज 28जुलाई श्रावण मास के तृतीय सोमवार को रात्रि आठ बजे से किया जाएगा। जिसमें शिव भोले भंडारी के भक्तों से समिति ने सम्मिलित होने की अपेक्षा की है।

## अवैध रूप से बेचने के लिए जमा शराब की बड़ी खेप जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** थाना कवर्धा पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 80 पौवा देशी शराब एवं एक मोटर सायकल जप्त किया गया। दिनांक 27.07.2025 को थाना कवर्धा में पदस्थ उप निरीक्षक रजनीकांत दीवान अपने हमराह स्टाफ व शासकीय वाहन के साथ मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर भैंसा पसरा कवर्धा क्षेत्र में दबिश दी। मौके पर मुखबिर के बताए हुलिए के दो व्यक्ति एक काले बैग एवं एक पीले प्लास्टिक झोले के साथ मोटर सायकल हीरो होंडा (ष्ट्र 04 रुह्व 8381) पर खड़े मिले जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।



**पूछताछ में उन्होंने अपना नाम**- 1. नारायण विश्वकर्मा पिता शत्रुहन विश्वकर्मा उम्र 34 वर्ष निवासी नेवारी, थाना कवर्धा 2. अंजोरी कंडरा पिता चैतराम कंडरा उम्र 60 वर्ष निवासी रेवाबंद तालाब, वार्ड क्रमांक 27 कवर्धा बताया। गवाहों की उपस्थिति में तलाशी लेने पर नारायण विश्वकर्मा के पास से एक काले बैग में 28 पौवा देशी प्लेन व 12 पौवा देशी मसाला शराब तथा अंजोरी कंडरा के पास से एक पीले झोले में 40 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद हुई। कुल 80 पौवा (14.400 बल्क लीटर) शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 6,640 रुपये है, को विधिवत सीलबंद कर जप्त किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल भी जप्त की गई। दोनों आरोपियों को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने किया महाकाल मंदिर का भ्रमण और दर्शन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले की प्रतिष्ठित संस्था गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सिंघोला स्थित प्रसिद्धमहाकाल मंदिर का शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक भ्रमण किया। यह यात्रा विद्यालय द्वारा विद्यार्थियोंको भारतीय संस्कृति, आस्था एवं धार्मिक स्थलों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजितकी गई थी। जहाँ छात्र-छात्राओं ने महाकाल मंदिर में दर्शन कर भगवान शिव का आशीर्वादप्राप्त किया एवं पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव की आरती भी गाया। कक्षा चौथीव पांचवीं के विद्यार्थियों के मुख से मंत्रोच्चारण व आरती सुनकर स्थानीय लोग मंत्रमुग्धहो उठे। साथ ही विद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा व संस्कार की जमकर सराहना करने लगे।इसकेसाथ ही बच्चों ने मंदिर के इतिहास एवं स्थापत्य संबंधी विशेषताओं के बारे में जानकारीप्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। मंदिर प्रबंधन प्रमुख श्री पवन डागा एवं उनकी टीमद्वारा बच्चों को संपूर्ण मंदिर परिसर का अवलोकन करवाया गया।शालाकी व्याख्याता एवं



मीडिया प्रभारी श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार उक्त आयोजनके संदर्भ में शाला की प्रचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सेविद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ भारतीय परम्पराओं के प्रति आदर और आस्थाकी भावना जागृत होती है।उक्तआयोजन में प्राइमरी विभाग प्रमुख-श्रीमती वसुधा लड्ढा, शिक्षिका गायत्री मिश्रा, रेनुकादास, सिद्धि वर्मा एवं अंजली यादव का विशेष सहयोग रहा। इस पुनीत कार्य हेतु गायत्रीशिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवीसिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त जीचितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारीश्री हरिश गांधी, श्रीमती रुपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्रशासकश्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर,स्कूल मैनेजर तरनजीत सिंह के टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएँदी गई।

## नवोदय डोंगरगढ़ में करगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, डोंगरगढ़ में शुक्रवार को करगिल विजय दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और बलिदान को नमन करते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईटीबीपी डिप्टी कमांडेंट डॉ. अनुराधा थीं, जिनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व सैनिक एवं नवोदय के पूर्व छात्र बलराम वर्मा तथा त्रिलोक चौरे भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा कर छात्रों को राष्ट्र सेवा, देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को देशप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का संयोजन दीपचंद चौरसिया और संचालन सचिन पटवा द्वारा किया गया। अतिथियों का परिचय स्नेह अग्रवाल ने दिया एवं आभार प्रदर्शन अशोक कुमार ने किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार मंडल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक दिनकर पार्धी, अनिल कुमार पाल, जानकी उइके सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। भूतपूर्व सैनिक त्रिलोक चौर ने छात्रों को अनुशासन में रहकर मेहनत करने की सलाह दी। प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने आइटीबीपी से आए हुए अधिकारियों एवं सभी भूतपूर्व सैनिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया किया।



## नदारद सचिव से नाराज ग्रामवासियो ने किया प्रदर्शन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम राजा भानपुरी से पंचायत सचिव पिछले 15 दिनों से लगातार नदारद है शिवसेना विधानसभा अध्यक्ष मुकेश साहू ने बताया कि पंचायत सचिव यशवंत जंघेल जो कि बगैर सूचना के अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है सचिव की अनुपस्थिति राजस्व कार्य, राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्यों हेतु समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत में सचिव की अनुपस्थिति के विरोध में आज ग्रामीणों पंचायत भवन के सामने ग्रामीणों ने लापता सचिव का बैनर लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। सचिव ने अनुपस्थिति की सूचना किसी भी माध्यम से ग्रामीणों को नहीं दी है ग्रामीणों द्वारा ग्राम भानपुरी पंचायत सचिव को फोन के माध्यम से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सचिव ने फोन भी रिसीव नहीं किया और ग्रामीणों ने सरपंच से संपर्क किया तब जवाब में सरपंच ने जानकारी नही होना बताया और आज सरपंच द्वारा भानपुरी के सोसल मीडिया के माध्यम से सचिव की जानकारी नही होना बताया।



# गातापार जंगल में वन जागृति के नाम पर जलपान घोटाला!

## स्थानीय मीडिया की अनदेखी, बाहरी एजेंसी को 20 हजार का भुगतान, 83 हजार रुपये चाय-नाशते में उड़ाए गए, अध्यक्ष बोले—कार्यक्रम ही नहीं हुआ

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य शासन की संयुक्त वन प्रबंधन योजना के अंतर्गत वन क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलने वाले वन मितान जागृति कार्यक्रम की आड़ में गातापार जंगल में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों से खुलासा हुआ है खैरागढ़ के गातापार जंगल में 19 और 20 दिसंबर 2024 को आयोजित बताए गए कार्यक्रम के नाम पर वन क्षेत्र के विकास के लिए मिले 83,810 रुपये महज नाश्ता, चाय-बिस्किट, बैठक व्यवस्था में खर्च कर दिए गए यह भुगता। संयुक्त वन प्रबंधन समिति गातापार जंगल द्वारा किया गया है।

**छह बिल, चार प्रतिपूर्ति—समिति अध्यक्ष अनजान**

मार्च 2025 में निकाली गई राशि छह बिलों के आधार पर भुगतान की गई। इनमें से चार बिल प्रतिपूर्ति के नाम पर लगाए गए, जिनमें सीधे तौर पर वनपाल और रेंजर के नाम चेक काटे गए। आरटीआई के अनुसार, वनपाल कैलाश सिंह को 4900 रुपये और रेंजर रमेश टंडन को क्रमशः 49,000 रुपये, 5250 रुपये और 5300 रुपये का भुगतान किया गया। दावा किया गया कि इन अधिकारियों ने पहले से अपने निजी खर्च से व्यवस्था की थी, जिसे बाद में प्रतिपूर्ति के रूप में भुगतान किया गया।

**फ्लैक्स और कवरेज के नाम पर भी सवाल**

कार्यक्रम के फ्लैक्स तैयार करने के लिए 1360 रुपये का भुगतान फ्लैक्स खैरागढ़ को किया गया, लेकिन कार्यक्रम के कवरेज के लिए पास के खैरागढ़ के पत्रकारों को दरकिनार कर 60 किलोमीटर दूर स्थित राजनांदगांव की एक न्यूज़ एजेंसी को बुलाया गया। यह चयन प्रक्रिया अपने आप में पारदर्शिता की कमी और पक्षपात की ओर इशारा करती है।



**विकास कार्यों की राशि से च्जलपान व्यवस्थाज्**

गातापार में आयोजित कार्यक्रम के नाम पर महज दो दिनों के भीतर कुल 83,810 रुपये खर्च होना और उसमें चाय-नाश्ता-बिस्किट तथा बैठक व्यवस्था जैसी सुविधाओं को शामिल करना यह बताने के लिए काफी है कि विकास की राशि किस तरह से लक्ष्यों से भटककर केवल खानपान में सिमट गई है।

**समिति अध्यक्ष ने उठाए गंभीर सवाल**

गातापार संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र नेताम से जब इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने चौंकाने वाला बयान देते हुए कहा कि मेरे द्वारा कार्यक्रम की कोई स्वीकृति नहीं दी गई है, ना ही मुझे इसके आयोजन की जानकारी थी। मैंने सिर्फ ऑडिट के नाम पर 1500 रुपये का चेक हस्ताक्षर किया है, बाकी किसी भी चेक पर हस्ताक्षर नहीं किया गया है। अगर कोई चेक जारी हुआ है, तो वह मेरी जानकारी के बिना हुआ है।इस बयान ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है क्योंकि यह स्पष्ट करता है कि समिति के नाम पर जो भी खर्च किया गया, वह समिति की स्वीकृति के बिना ही किया गया है।

**वन विभाग का पक्ष—कार्यक्रम हुआ था**

वहीं दूसरी ओर वनपाल मंजू पटेल ने यह स्वीकार किया कि कार्यक्रम आयोजित किया गया था, और उस दिन समिति अध्यक्ष क्षेत्र से बाहर थे। उनके अनुसार कार्यक्रम प्रभारी वनपाल कैलाश और रेंजर टंडन थे, जिन्होंने निजी खर्च से व्यवस्था की और बाद में प्रतिपूर्ति करवाई गई।

**चेक पर हस्ताक्षर नहीं, फिर भुगतान कैसे?**

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब समिति अध्यक्ष ने चेक पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो चेक कैसे जारी हुए? क्या चेक के फर्जी हस्ताक्षर किए गए या बैंक स्तर पर मिलीभगत हुई? समिति की स्वीकृति के बिना किसी भी भुगतान को वैध नहीं माना जा सकता।

**अनियमितता की जांच की मांग**

इस मामले ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। क्षेत्रीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com